प्रेस नोट संख्या- 55

दिनांक 23.01.2025

सराहनीय कार्य जनपद अमेठी

थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा, चोरी के चाय के 590 पैकेट व 20 घड़ियों के साथ 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।

जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 23.01.2025 को उ0नि0 घनश्याम यादव मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 280/24 धारा 331(4), 305, 317(2) बीएनएस थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी से संबंधित प्रकाश में आये अभियुक्त मेराज पुत्र स्व0 इस्लाम लहरी निवासी वार्ड नं0 24 कटरालालगंज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष को नागेशरगंज अन्डर पास के पास से समय करीब 02:50 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 5 रुपये वाले चाय के 400 पैकेट, 10 रुपये वाले चाय के 190 पैकेट व 20 घड़िया बरामद हुई।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि अपने साथी प्रदीप मौर्या निवासी पिण्डारा महाराज थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी के साथ मिलकर कुछ दिन पहले रात्रि में कस्बा मुसाफिरखाना गौरीगंज रोड स्थिति एक किराना स्पेयर व बच्चों की खिलौनों की दुकान से चोरी की थी। बरामद समान उन्ही चोरीयों का है। हम लोगों ने चोरी में चांदी की कुछ पायलें भी चुराई थी जो प्रदीप मौर्या ने बेईमानी करके अपने पास रख लिया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–

- मेराज पुत्र स्व0 इस्लाम लहरी निवासी वार्ड नं0 24 कटरालालगंज थाना गौरीगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग-

- मु0अ0सं0 280/24 धारा 331(4), 305, 317(2) बीएनएस थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।

बरामदगी-

- चोरी के चाय 590 पैकेट व 20 घड़िया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 घनश्याम यादव थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 राजेश कुमार दीक्षित थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
3. हे0का0 सत्येन्द्र यादव थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
4. का0 सुघर सिंह थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 242/23 धारा 457, 380, 411 भादवि थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 118/24 धारा 323, 504, 506, 308, 427, 341 भादवि थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।